संक्षिप्त

उर्मिला प्रदेश महिला अध्यक्ष बनी

मनोहरपुर । जयपुर की वरिष्ठ समाजसेविका उर्मिला देवी धर्मपत्नी राजेन्द्र सोनी को, प्रदेश प्रभारी राजस्थान ओम प्रकाश मौसूण व राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र स्वर्णकार ने राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच में राजस्थान प्रदेश महिला अध्यक्षा पद पर मनोनयन किया है, इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर स्वर्णकार समाज में हर्षोल्लास की लहर है और नवीनतम जिम्मेदारी को लेकर उर्मिला देवी जी ने कहा कि समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की भरपूर कोशिश रहेगी, समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि पर उर्मिला देवी जी को मंगलकामनाएं प्रेषित कीं हैं ! भामाशाह डी के सोनी, समाज सेविका कांता सोनी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उर्मिला देवी कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार और दयालु है ये सदैव सबका भला करती रहती है।

स्काउट्स का किया सम्मान

शाहपुरा। प्रजापति जागृति मंच विराटनगर द्वारा आयोजित विराट टैलेंट सर्च एग्जाम और भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन विराटनगर में स्थित प्रजापति छात्रावास स्थल पर किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ विराटनगर के काउंसलर विक्रम कुमार कुंभावत, स्काउट मास्टर विनोद कुमार कुंभावत के सानिध्य में 35 स्काउट्स ने पार्किंग स्थल, जल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं में स्काउट्स ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम आयोजक सदस्यों ने सभी स्काउट्स और स्काउट मास्टर का साफा पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। समिति अध्यक्ष हजारी लाल कुम्हार ने स्काउट्स के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा की स्काउट्स हमेशा हर परिस्थिति में सेवा कार्य के लिए तैयार रहता है।और अपनी जिम्मेदारियों पर खरा उतरता है। यह संगठन सेवा का पर्याय है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 8 को

फुलेरा । कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में दिवंगत प्रसून पंवार की पुण्यतिथि के उपलक्ष में 8 जनवरी को स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के पदाधिकारी एवं समाजसेवी तेजकरण सैनी ने बताया कि प्रसून पंवार की 15 वीं पुण्यतिथि 8 जनवरी को प्रसून सेवा संस्थान और मां शाकम्भरी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में सर्व समाज द्वारा यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके चलते संस्था के राजेन्द्र गढ़वाल ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उक्त रक्तदान शिविर में पधारने का आग्रह किया है।

कुट वाले बालाजी के हुआ पौष बड़ा

पीपलू । कस्बे के श्री कुट वाले बालाजी मंदिर में शनिवार को पौषबड़ा महोत्सव मनाया गया। बालाजी मण्डल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर बालाजी की आरती के बाद प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर गोपाल गर्ग, नोरतमल, पवन, जितू, मुकेश, हनुमान, विनोद, चंद्रप्रकाश, जितेंद्र, कन्हैयालाल, नानगराम, कृष्णकुमार जांगिड़ सहित कई श्रदालु मौजूद रहे।

आर्यन ने जीता गोल्ड मेडल

टोंक। मालपुरा उपखण्ड के गांव आंटोली निवासी छात्र आर्यन सैन ने राज्य स्तर पर आयोजित रग्बी खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंटोली गांव निवासी आयुन पुत्र घासीलाल सैन ने राज्य स्तर पर आयोजित अंडर-16 रग्बी खेल प्रतियोगिता में उतकृष्ट प्रदर्शन करते हएु गोल्ड मेडल एवं ट्राफी जीतकर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। आर्यन की इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों व परिजनो में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

यूको बैंक का स्थापना दिवस मनाया

कोटपूतली। स्थानीय यूको बैंक की शाखा में सोमवार को ब्रांच मैनेजर विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में 83 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। उप शाखा प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुये डिजिटल बैंकिंग योजना से अवगत करवाया। इस दौरान रमेश सिंह थानेदार, राहुल अग्रवाल, राजपाल सिंह, उदयवीर सिंह, हंसराज गुप्ता, राकेश शर्मा, भवानी, प्रीतम मेहरा, नरेश चौधरी, रविदत्त, सुशील, अंकित सिंह समेत बैंक कार्मिक व ग्रामीण मौजूद रहे।

'75 हजार साल बाद भी अम्बेडकर निर्मित संविधान को कोई खत्म नहीं कर सकता'

मनोहरपुर। राजस्थान बलाई विकास संस्थान के तत्वावधान में निकटवर्ती त्रिवेणी धाम साईवाड मोड़ स्थित बलाई छात्रावास परिसर में आयोजित 21वें नववर्ष स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए सांसद जयपुर ग्रामीण राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि 75 वर्ष नहीं 75 हजार साल बाद भी डॉ. अम्बेडकर निर्मित संविधान को कोई खत्म नहीं कर सकता।

संविधान ही जन्म के बाद जीवन मूल्यों का आधार है । आज का यह स्नेह मिलन अखंड भारत की सुन्दर तस्वीर है, बलाई समाज चादर बुनने का काम करता था, दरी बुनकर सब समाजों को एक जगह बैठाता है फिर यह समाज कमजोर कैसे हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गणपत वर्मा ने राव राजेंद्र सिंह का छात्रावास से विशेष लगाव रखने पर आभार व्यक्त किया व अति विशिष्ट अतिथि विधायक विराटनगर कुलदीप धनकड़ से छात्रावास में विधायक कोष से दस लाख रूपये देने के लिए माँग पत्र सौंपा, वर्मा ने कहा कि विधार्थियों को अनर्गल कामों से हटकर उनका उद्देश्य मात्र शिक्षा होनी चहिय। जिसे विधायक ने एक लाख रूपये अपनी औऱ से छात्र हित को ध्यान में रखते हुए ग्यारह लाख रूपये देने की घोषणा की। जिसका उपस्थिति समाज बन्धुओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। अति विशिष्ट अतिथि सोन चन्द लाडना ने कहा कि पहले परिवार का संगठन, फिर समाज का उसके बाद राष्ट्र का संगठन मजबूत होगा। उन्होंने समाज के बुद्धिजीवी वर्ग से आ ान किया की यह अवसर आपको मिला है इसमें जीतना लोगों का भला कर सकते हो करो, बाद में हम उस फ्यूज बल्ब की तरह हो जायेंगे जो किसी काम का नहीं रहेगा, अत: अवसर को पहचानो, जागो। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. बी. डी. नैनावत महामंत्री राजकुमार इन्द्रेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम बुनकर, उपाध्यक्ष जगदीश नीझर, ब्लभ्रम लखेर जगदीश कांट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

त्रिवेणी धाम साईवाड मोड़ स्थित बलाई छात्रावास परिसर में स्नेह मिलन समारोह सांसद राव राजेंद्र सिंह मुख्य आतिथ्य में हुआ।

■ बलाई समाज 21वां स्नेह मिलन समारोह

समाज रत्न जी. सी. राय को, समाज गौरव अशोक सामरिया को समाज श्री सुरेश कुमार बुनकर सयुंक्त शासन सचिव वित्त, डॉ. सुनील गोठवाल, रतिराम वर्मा , जी. एल वर्मा महासचिव अम्बेडकर वेल्फेएयर सोसायटी वरिष्ठ नागरिक सम्मान में राधेश्याम राय, बंशीधर राँगेरा, गोपीराम चौहान, गणपत लाल वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, ओमकार बुनकर, भौरी लाल भदालिया,सेढू राम बुनकर रामधन वर्मा,बनवारी लाल, प्रभुदयाल मुंशी, सुखदेव बुनकर, साधूराम दानोदिया, हरीशचंद्र बुनकर, भागीरथ प्रसाद बुनकर, रामकुमार वर्मा, रामचंद्र वर्मा, बंशीधर बुनकर। राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित हर्षल वर्मा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित स्वाति नैनावत नीट में चयनित शिवांग राज, गर्वित नैनावत, देवराज, लालाराम बुनकर, मेहूल चौहान, आशीष खटावलिया, देवांशु, पीयूष वर्मा, नवनीता, निशा, आर्यन चुनवाल, विशाल, महेश वर्मा, आर्यन वर्मा, मोहित गोठवाल के साथ डॉ. धर्मराज वर्मा, डॉ. कृष्ण गोपाल, डॉ. रेनी वर्मा को पीएचडी उपाधि मिलने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, एक जनवरी 23 के बाद राजकीय सेवा में लगे 40, छात्रावास में अध्ययन कर सरकारी सेवा में लगे 45, व सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी 60 लोगों को व 20 प्रतिभावन विधार्थियों का भी सम्मानित किया गया।

जिला समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण

निवाई। राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा गोद ली गई ढ़ाणी जुगलपुरा में 7 दिवसीय शिविर में पांचवे दिन जागरुकता सर्वे व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली का आयोजन किया गया। शिविर में शिव शिक्षा समिति रानोली व यूनिसेफ ने युवा पहल परियोजना के तहत सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने बस्ती में लोगों से संवाद किया कर उनकी समस्याओं को समझते हुए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, शिक्षा, महिला स्वास्थ्य, रोजगार और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। जिला समन्वयक ने स्वयंसेवकों को श्रम व सेवा के महत्व को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को श्रम व सेवा के संस्कार सीखाती है। युवा पहल परियोजना की राज्य समन्वयक प्रियंका सिंह व ब्लॉक समन्वयक दिनेशकुमार बैरवा ने भागीदारी निभाई।

विधायक कुलदीप धनकड़ ने की जनसुनवाई

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने शनिवार को अपने ग्राम भांकरी निज आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और इनका तत्काल प्रभाव से यथोचित निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों से आत्मीयता के साथ मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के संबंध आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याणकारी सोच के साथ एक से बढ़कर एक निर्णय ले रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि आमजन का जीवन स्तर बेहतर हो और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कर राहत पहुंचाई जाए। आमजन से परिवेदनाओं को सुनते हुए विधायक कुलदीप धनकड कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़ी है। इस अवसर पर आमजन ने विधायक धनकड का अभिनन्दन किया।

विधायक कुलदीप धनकड (दायें से दूसरे) ने आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कैंडल मार्च निकाल कर चेतना को दी श्रद्धांजलि

कोटपूतली। विगत 23 दिसम्बर 2024 को निकटवर्ती ग्राम किरतपुरा की ढ़ाणी बड़ीयाली निवासी 03 वर्षिय मासूम बालिका चेतना पुत्री भूपेन्द्र चौधरी की मृत्यु बोरवेल में गिर कर हो गई थी। दिवंगत बालिका चेतना की आत्मा की शांति के लिये समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास एवं पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में कस्बा स्थित नगरपरिषद पार्क से लेकर उपखण्ड कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला गया। जहाँ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई। इस दौरान रतनलाल शर्मा, वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार कसाना, उपाध्यक्ष रूपसिंह शेखावत, ख्यालीराम सैनी, रंगलाल आर्य, राजेन्द्र चौधरी, सुरेश चौधरी किरतपुरा, कैलाश यादव, सतपाल यादव, भूपसिंह धानका, बनवारी शास्त्री, रूप कोटपूतली, देशराज आर्य, संजय खेड़ा, विकास वर्मा, भूपसिंह पूतली, विकास खारडिया सहित अन्य मौजूद रहे।

असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में सफल प्रतिभागियों ने सिखे साक्षात्कार के गुरु

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विषय की आर.पी.एस.सी द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर लिखित परीक्षा में सफल हुये प्रतिभागियों के लिये चार दिवसीय साक्षात्कार कार्यशाला एवं मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यशाला के संयोजक डॉ. पी. सी. जाट ने बताया कि इसमें प्रदेश के 23 अलग-अलग जिलों से 123 प्रतिभागियों ने नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करवाते हुये साक्षात्कार तैयारी के संबंध में आवश्यक सुधार, मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला के आयोजक सचिव घनश्याम कसाना ने उक्त चार दिवसीय कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में बताया कि इस कार्यक्रम के प्रथम दिन साक्षात्कार के संबंध में विशेषज्ञों का व्याख्यान सत्र आयोजित हुआ। दूसरे दिन तीन प्रोफेसर्स के पैनल द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी की व्यक्तिगत काउंसलिंग करते हुये सुधार संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया गया। तीसरे दिन साक्षात्कार पूर्व अभ्यास के रूप में विषय विशेषज्ञों के चार बोर्ड गठित करते हुये प्रत्येक अभ्यर्थी का मॉक साक्षात्कार लिया गया। कार्यशाला के अंतिम दिन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार संबधी फीडबैक सत्र आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण सत्र में विषय विशेषज्ञ के तौर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गजेंद्र सिंह फोगाट ने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार चरण के मुख्य बिन्दू सहज प्रस्तुतीकरण के संबंध में सुधार के गुर सिखाते हुए विषय की मूल अवधारणाओं की समझ बढ़ाने के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस सत्र में सामान्य विशेषज्ञ के तौर पर कोटकासिम उपखंड अधिकारी राकेश रावत ने साक्षात्कार के संबंध में अपने विषय के अलावा राजस्थान सामान्य ज्ञान की बारिकियों पर चर्चा की। विशेषज्ञों के व्याख्यान सत्र के बाद कार्यक्रम के मार्गदर्शक अशोक सिंह, डॉ. हुकम चंद गुर्जर ने विषय विशेषज्ञों के चार बोर्ड गठित करते हुये अभ्यर्थियों का मॉक साक्षात्कार लिया। मॉक साक्षात्कार के उपरांत डॉ. अशोक सिंह ने समापन सत्र के दौरान अभ्यर्थियों के पिछले चार दिन में हुये सुधार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुये बताया कि अभ्यास ही सफलता का मूल मंत्र है ओर विशेषकर साक्षात्कार के संबंध में तो अभ्यास का कोई विकल्प ही नहीं है, क्योंकि इसकी प्रकृति लिखित परीक्षा से अलग होती है। डॉ. विकास यादव ने समापन सत्र की समीक्षा करते हुये अभ्यर्थियों को बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर साक्षात्कार के लिये श्यामपट्ट कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

असिस्टेंट प्रोफेसर लिखित परीक्षा में सफल हुये 123 प्रतिभागियों ने साक्षात्कार कार्यशाला में हिस्सा लिया।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को मंजूरी

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप धनकड की अनुशंसा एवं प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता से विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास की रफ्तार और तेज हुई है। एक ओर आधारभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी ओर विकास की उम्मीदों को पंख लगे हैं। क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या अब खत्म होगी।

विकास कार्यों की इसी कड़ी में विराटनगर नगरपालिका मंडल के वार्डो व सार्वजनिक स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, पार्क, बस स्टैंड पर सुलभ शौचालय, स्नान घर, पेयजल सहित विभिन्न विकास कार्यों के होने से लोगो को सुविधाएं मिल सकेंगी। यह सब विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप धनकड की सक्रियता और विकासपरक सोच के चलते फलीभूत होने जा रही है। विधायक आपके द्वार तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत विधायक कुलदीप धनकड द्वारा विराटनगर नगरपालिका वार्डवासियों की मांग पर स्वीकृत किए गए कार्यों को लेकर 30 दिसंबर को आयोजित बजट बैठक की अनुपालना में पालिका क्षेत्र के विभिन्न कार्यों के निर्माण हेतु 8 करोड़ 31 लाख 5 हजार की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। गत 26 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 विधायक आपके द्वार तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत विधायक कुलदीप धनखड़ द्वारा विराटनगर पालिका मंडल पालिका क्षेत्र के सभी वार्डो का दौरा कर वार्ड वासियों की मांग पर विभिन्न कार्य स्वीकृत किए गए थे, उक्त कार्यों की क्रियान्विति हेतु पालिका द्वारा आयोजित बजट बैठक की अनुपालना में विभिन्न कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है, जिनका कार्य अगले सप्ताह में प्रारंभ कर दिया जाएगा। इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर विराटनगर क्षेत्र वासियों ने विधायक कुलदीप धनकड का आभार व्यक्त किया व कृतज्ञता प्रकट की । नगर की वर्षों पुरानी समस्याओं से निजात मिलने वाली इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विराटनगर की गरिमा पूरे विश्वपटल पर विख्यात है और इसकी गरिमा तथा जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर क्रियान्वित करना हमारी प्रथम और परम उत्तरदायित्व है।

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त कर विधायक का जताया आभार

जैन नसिंया मंदिर में 7 दिवसीय गणधर वलय अनुष्ठान शुरू

निवाई । सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में आर्यिका विशेष मति माताजी, आर्यिका श्रुतमति माताजी व आर्यिका सुबोध मति के सानिध्य में 7 दिवसीय गणधर वलय जाप्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं त्रिलोक रजवास ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राधेश्याम मित्तल, ज्ञानचंद जैन, पदमचंद पीपलू, राजेश सांवलिया, धर्मचंद सेदरिया एवं गिर्राज चंवरिया ने भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान माणकचंद सेदरिया, धनराज चंवरिया, अनिल पराणा, राजेन्द्र बगड़ी, हर्ष सर्राफ, महावीरप्रसाद ठोलिया, राकेश सांवलिया एवं राजेश बनेठा सहित कई श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ गणधर वलय जाप्य अनुष्ठान में मण्डलजी पर मंगल कलश की स्थापना की। सुनील भाणजा ने बताया कि आर्यिका विशेष मति माताजी एवं सरिता दीदी के मंत्रोच्चार द्वारा इन्द्र इन्द्राणियो ने जाप्य अनुष्ठान के तहत सोमवार को 6 हजार 480 मंत्रौ से आहुतियां देकर जाप्य अनुष्ठान किए गए। उन्होंने बताया कि इस जाप्य अनुष्ठान में आर्यिका माताजी द्वारा 12 हजार 960 मंत्रित जाप्य अनुष्ठान एवं श्रद्धालुओं द्वारा 1 लाख गणधर वलय जाप्य अनुष्ठान का लक्ष्य रखकर आयोजन किया जा रहा है। जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा एवं शंभु कठमाणा ने बताया कि सोमवार को मीनाक्षी बगड़ी, बबीता जैन, इन्द्रा जैन, वीरमती जैन, उर्मिला जैन, आशा जैन, मंजू सेदरिया, ममता चंवरिया व रानी चंवरिया सहित कई श्रद्धालुओं ने 378 श्रीफल मण्डप पर समर्पित किए। इस अवसर पर आर्यिका विशेष मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति विशुद्ध भाव एवं मन से शुद्धि पूर्वक गणधर वलय स्त्रोत मंत्र का जाप करता है उसका पुण्य का आश्रय एवं पाप की निर्जरा होती है। अतुल ठोलिया ने बताया कि 7 दिवसीय जाप्य अनुष्ठान गाजे बाजे से गुरुवार तक चलेगा।

■ अनुष्ठान में एक लाख मंत्रो के जाप का रखा लक्ष्य

निवाई के नसियां मंदिर में आयोजित गणधर वलय जाप्य अनुष्ठान में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

श्रीमाधोपुर। कस्बे के महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज श्रीमाधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गोद लिए गए गाँव अक्रिय आश्रम में उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक मांगीलाल कुमावत ने बताया कि सुशीला देवी (प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना) के सानिध्य में आज 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन अक्रियधाम आश्रम के महंत श्री श्री 108 स्वामी ब्रह्मा आत्मानंद महाराज व समाजसेवी वीरेंद्र काजला, महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा व प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी के कर-कमलो द्वारा मां सरस्वती व महाविद्यालय संस्थापक स्व. चौ. प्रताप सिंह खर्रा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रभारी सुशीला देवी ने बताया कि इस शिविर का आयोजन 6 से 12 जनवरी 2025 तक होगा। सर्वप्रथम बालक और बालिका स्वयंसेवकों को विभिन्न दलों में विभाजित किया गया।

सार-समाचार

हेलमेट लगाने की हिदायत

कोटपूतली। कोटपूतली में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का शुभारम्भ किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी तक मनाया जायेगा। जिसके तहत पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत डीएसपी राजेन्द्र सिंह बुरडक द्वारा यातायात नियमों की पालना के लिये वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर समझाईश की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को डीएसपी ने गुलाब के फूल दिये और उनसे समझाईश करते हुये हेलमेट लगाने की हिदायत दी। हेलमेट लगाने वाले व यातायात नियमों की पालना करने वाले वाहन चालकों को भी गुलाब का फूल देकर बधाई दी गई। तीन दिन तक फूल देकर समझाईश करने के बाद पुलिस यहां ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालना करवायेगी। डीएसपी राजेन्द्र सिंह बुरडक ने बताया कि सडक सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। साथ ही राजस्थान पुलिस की ओर से विशेष पहल कर सडक सुरक्षा अभियान को जन-जन का अभियान बनाया जायेगा। डीएसपी ने बताया कि सडक सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों व कार्य स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जागरूकता के माध्यम से सडक दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने का प्रयास किया जायेगा।

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

शाहपुरा । साईवाड़ मोड़ त्रिवेणी धाम में स्थित बलाई छात्रावास परिसर में राजस्थान बलाई विकास संस्थान के तत्वावधान में 21वां नववर्ष स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राव राजेंद्र सिंह सांसद जयपुर ग्रामीण थे। जगदीश बुनकर अध्यापक ने बताया कि इस अवसर पर छह समाज पुरस्कार, वरिष्ठ नागरिक पुरस्कार, सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी सम्मान,आएएस, आरजेएस व नीट में चयनित प्रतिभा सम्मान,पीएचडी के सम्मान, एक जनवरी 23 के बाद सरकारी सेवा में चयनित, छात्रावास में अध्ययन कर सरकारी सेवा में चयनित व बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त 20 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता गणपत वर्मा विशिष्ट अतिथि कुलदीप धनकड़ विधायक, संस्थान अध्यक्ष डॉ बी. डी .नैनवात, स्वाति नैनावत , हर्षल वर्मा , सुरेश वर्मा, रतिराम बुनकर, डॉ.सुनील गौठवाल, जी.सी.राय, अशोक सामरिया,जी.एल.वर्मा, जगदीश अ. नींझर,महामंत्री राजकुमार इंद्रेश, कानाराम प्रधानाचार्य, घनश्याम सौठवाल, शंकर लाल जाटावत, जयराम वर्मा, बाबुलाल बुनकर अ.दिव्यदत्त राय, प्रमोद कुमार, राहुल कुमार बुनकर, राकेश वर्मा, लालचंद बुनकर, सुरेंद्र बलाई सहित उपस्थित थे।

शहीद सुबेसिंह की पुण्य तिथि मनाई

पावटा। उपखंड पावटा के ग्राम चौबाला में शहीद सुबेसिंह संघर्ष समिति के तत्वाधान में शहीद सुबेसिंह की पुण्यतिथि विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड ने शहीद सुबेसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कहा कि जवान सीमा पर डटकर प्राणों की परवाह किए बिना हमारी रक्षा करते है। इसलिए युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सैनिक से बड़ा कोई देशभक्ति नहीं है। हम सभी को शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। वही शहीद सुबेसिंह की मां ग्यारसी देवी व वीरांगना सुणी देवी का शाल ओढाकर सम्मान किया गया। शहीद सुबेसिंह संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल राठी ने कहा की हमारी समिति जब तक संघर्ष करती रहेगी जब तक शहीद सुबेसिंह को सम्मान नहीं मिल जाता और हमेशा शहीदों के सम्मान में और शहीद परिवार हर विकट परिस्थिति में साथ खड़े रहेंगे। देश की सेवा करते हुए अपना बलिदान न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों का सम्मान हमेशा करते रहेंगे। इस दौरान भरताराम धनकड, रामेश्वर धनकड, राकेश धिनधवाल, सोणाराम पलसानिया, अनिल राठी, शेरसिंह राजपूत, राम करण राठी, शीश राम पलसानिया, जय सिंह धनखड़, रोहिताश पलसानिया, सचिन पलसानिया सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

प्राचार्य डॉ.सैनी को अवार्ड मिला

श्रीमाधोपुर । शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज, श्रीमाधोपुर के प्राचार्य डॉ. बी. एल. सैनी को "शेखावाटी गौरव अवार्ड 2025" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिमला में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि पर्यावरणविद डॉ. हरिसिंह गोदारा, और अध्यक्षता पूर्व आईएएस डॉ. मनोज कुमार सिंघानिया यूनिवर्सिटी ने की। मोहित सैनी और अंकित सैनी ने कहा कि डॉ. सैनी ने शिक्षा, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और साहित्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। उनके योगदान ने न केवल शेखावाटी क्षेत्र का मान बढ़ाया है, बल्कि समाज को नई दिशा दी है। आयोजन समिति ने डॉ. सैनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस सम्मान ने उनके परिवार, कॉलेज स्टाफ और गांव में खुशी का माहौल बना दिया है।डॉ. सैनी का यह सम्मान समाज के सभी वर्गों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करेगा।

रमेश विधुड़ी का फूंका पुतला

निवाई । भाजपा नेता रमेश विधुड़ी द्वारा कांग्रेस नेता एवं सांसद प्रियंका गांधी के पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं मे रोष व्याप्त हो गया। जिसको लेकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा व छात्र नेता मुकेश मीणा सुनारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रमेश विधुडी को पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ने कहा कि रमेश विधुड़ी द्वारा सांसद प्रियंका गांधी के पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से उनकी कुंठित मानसिकता की परिचायक है। उन्होंने इस स्तरहीन और अपमानजनक बयान की कड़ी निंदा की। विधूडी ने नारी शक्ति के प्रति असभ्य भाषा का प्रयोग करके देश की अस्मिता, संस्कृति व सभ्य समाज के करोड़ों लोगों को ठेस पहुंचाई है। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत गुर्जर, विक्रमसिंह गुर्जर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अजय मधुकर, बनवारी मीणा बरथल, अशोक चिता, गिर्राज मीणा बहकवा, दीपक परिड़वाल, लखन, लोकेश व रामकेश कई एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद थे।

कड़ाके की सर्दी से कंपकपा उठे लोग

निवाई । क्षेत्र में पिछले तीन दिन से लगातार कोहरे का राज छाया हुआ है। सुबह से दोपहर तक घना कोहरा छाया हुआ रहता है जिससे विशेष रूप से वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गहरी धुंध होने से वाहनों की रफ्तार काफी कम हो गई है। सोमवार को 10 बजे तक भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। दो दिन की राहत के बाद पिछले 3 दिन से कड़ाके की सर्दी से लोग कंपकपा उठे। सोमवार को सुबह 1 बजे तक भी शहर का रक्तांचल पर्वत कोहरे में छिपा रहा। दोपहर 1:30 कोहरा छटने लगा और गुनगुनी धूप निकली। धूप से लोगों ने सर्दी से कुछ राहत महसूस की। सर्दी से बचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई स्थानों पर लोग घंटों तक अलाव जलाकर तपते हुए नजर आए। सर्दी से बचाव के लिए लोग कंबल, शॉल, रजाई, मफलर, टोपा व दस्ताने का उपयोग करने सहित दिनभर अलावों पर जमे रहते है तथा खेतों पर भी किसानों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

ई-मित्र संचालक से मारपीट

कोटपूतली। राजमार्ग स्थित जीण माता वाली गली में एक ई-मित्र संचालक से मारपीट व दुकान में तोडफोड़ किये जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीडित कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी भूपेन्द्र पुत्र देवी सहाय सैनी